एम.बी.डी. ग्रुप हमेशा महिला सशक्तिकरण को देता है बढ़ावा : मोनिका/सोनिका मल्होत्रा

■ देशभर में 100 'द चॉकलेट बॉक्स एंड लाऊंज' खोलना है लक्ष्य

लुधियाना, 29 अप्रैल (मीनू, बी.एन. 899/4): आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों को बराबर की टक्कर देकर परचम लहरा रही हैं। अगर बात एम.बी.डी. ग्रुप की करें तो इसमें भी उच्च पदों में अधिकतर महिलाएं ही हैं और यह ग्रुप हमेशा से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, ऐसा कहना है एम.बी.डी. ग्रुप की एम.डी. मोनिका मल्होत्रा कंधारी व जे.एम.डी. सोनिया मल्होत्रा का। मोनिका मल्होत्रा

स्नैक्स का एंज्वाय लेते हुए युवतियां।

लुधियाना में लाऊंज का उद्‌घाटन करतीं एम.बी.डी. की चेयरपर्सन सतीश मल्होत्रा, मोनिका मल्होत्रा, सोनिका मल्होत्रा व अन्य। (चायल)

व सोनिया मल्होत्रा शहर में एम.बी.डी. नियोपोलिस में अनेक पुरस्कार जीतने वाले खाद्य एवं पेय ब्रांड 'द चॉकलेट बॉक्स एंड लाऊंज' की लॉंचिंग करने पहुंची थीं। विगत 15 वर्षों से द चॉकलेट बॉक्स एंड लाऊंज जिसे अक्सर टी.सी.बी. कहा जाता है, एम.बी.डी. ग्रुप के स्वामित्व वाले पांच सितारा होटलों में संचालन करता रहा है और इसे एम.बी.डी. ग्रुप के सबसे नवीन ब्रांडों में से एक माना जाता है।

चॉकलेट बॉक्स एंड लाऊंज में सिग्नेचर स्नैक्स रैप्स, बर्गर, चिट चैट कॉम्बो, सैंडविच, सलाद, शेक, मैकरून, चॉकलेट, डिजाइनर केक आदि ताजा मौसमी उत्पाद शामिल हैं। टी.सी.बी. पर चिट चैट कॉम्बो है, जिस पर पंजाबी टच देते हुए कप, कैटल व मग पर पंजाब के गबरू व मुटियारों की तस्वीरें भी अंकित हैं। चेयरपर्सन सतीश बाला मल्होत्रा, मोनिका मल्होत्रा ने कहा कि इस लाऊंज को फ्रांसीसी टच देने की कोशिश की गई है। सोनिका मल्होत्रा ने कहा कि हाई स्ट्रीट व लग्जरी मॉल्स में टी.सी.बी. लाऊंज के तेजी से बढ़ते विस्तार को देखकर उनका आगामी 5 वर्षों में देशभर में 100 ऐसे लाऊंज खोलने का लक्ष्य है।